हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 34 .5 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

11 बिना दहेज सादगी से विवाह कर समाज को दिया प्रेरणादायक संदेश



12 ग्रामीण विकास के लिए तीन करोड़ जारी, कई गांवों में कराएं जाएंगे कार्य



## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में दो आरोपी अभिरक्षा में

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने सोहना रोड पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले के दो आरोपी जांच के दौरान नाबालिग पाए गए। दोनों को पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों आरोपियों को रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे के बाद गत 3 जनवरी को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। परिजनों के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने यूपी के आजमगढ़ निवासी अमजद खान को गिरफ्तार कर लिया। गाड़ी को भी कब्जे में लिया गया है।

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गत 30 मार्च को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले रामपुरा निवासी सागर, मोहित, मयूर विहार निवासी कपिल, खड्डा बस्ती निवासी नक्षत्र और आजाद चौक निवासी दीपांशु को गिरफ्तार किया है। एक बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

### कोर्ट से घोषित पीओ भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से पीओ घोषित किए जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने एक मामले में बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी पेश नहीं होने पर देहलावास निवासी पवन कुमार को पीओ घोषित कर दिया था। वह एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गत 13 मार्च को केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने इस मामले में झज्जर के एक गांव निवासी समीर को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### लापरवाही के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने मशीन पर कार्य करते समय एक श्रमिक के साथ हुए हादसे के बाद पुलिस ने कंपनी के एक प्रतिनिधि को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 10 मार्च को केस दर्ज किया था। कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए गए थे।पुलिस ने इस मामले में यूपी के कोटवन निवासी सुधीश को काबू कर लिया। आरोपी को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

*अमेरिका, इजराइल-ईरान युद्ध का इम्पैक्ट, आयात में कमी से रिफाइंड के दाम बढ़े*

# अब खाने का तेल भी निकालने लगा 'तेल' सरसों के तेल से लेकर रिफाइंड तक महंगा

## एक महीने में रिफाइंड तेल का 15 लीटर टीन 300 रुपये तक महंगा, सरसों तेल के दामों में भी 17 रुपये तक बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इजराइल-अमेरिका व ईरान युद्ध के चलते खाद्य सामग्री के दामों में भी उछाल आ गया है, जिससे होटल-ढाबों सहित रेहड़ियों पर भी फास्ट फूड के दामों में 5 से 10 रुपये तक तेजी आ गई है। वहीं ग्रहणियों की रसोई पर भी अतिरिक्त भार पड़ गया है। युद्ध के कारण शिपिंग मार्गो में व्यवधान के कारण आयात में कमी से तेल के दाम बढ़ रहे है। सबसे ज्यादा रिफाइंड तेल व सरसों तेल की कीमतों में तेजी आ गई है। युद्ध के चलते एक महीने में रिफाइंड तेल के 15 लीटर के टीन की कीमत 300 रुपये तक बढ़ गई है। एक महीने पहले 2125 में मिलने वाला रिफाइंड का टीन अब 2425 रुपये तक पहुंच गया है। वहीं एक महीने पहले 130 से 135 रुपये लीटर बिकने वाला सरसों का तेल भी 151 रुपये लीटर पर पहुंच चुका है। सरसों का तेल में 15 से 17 रुपये तक महंगा हो गया है। सरसों के तेल के महंगे होने का कारण अनाज मंडी में ओपन में सरसों के दामों में उछाल आना भी माना जा रहा है। रिफाइंड तेल व सरसों के तेल की थोक कीमतों में अचानक बढ़ोतरी होने से आम लोगों का बजट बिगड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों सोयाबीन व पाम ऑयल की आपूर्ति कम होने और मांग बढ़ने से तेल की मांग में तेजी आई है। सरसों के भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये व क्विंटल से अधिक होने के कारण किसान अपनी फसल को ओपन में 6900 रुपये क्विंटल तक बेच रहे हैं, जिससे सरकारी खरीद पर भी असर पड़ रहा है।



रेवाड़ी। एक दुकान में रखी दालें। फोटो : हरिभूमि

### रेहड़ियों पर फास्ट फूड भी 10 रुपये तक महंगा

किराना स्टोर संचालक सुंदर व ललित ने बताया कि युद्ध के कारण तेल व दालों के दाम बढ़ रहे है। पीछे से दाले महंगी आने के कारण खर्चे के हिसाब से दाम बढ़ाने पड़ गए है। वही फास्ट फूड की रेहड़ी लगाने वाले प्रेम प्रजापति व सुरेश सैनी ने कहा कि रिफाइंड तेल महंगा होने के कारण बर्गर व कचौरी सहित अन्य आइटमों में 10 रुपये तक बढ़ोतरी की गई है। 30 रुपये का बर्गर अब 40 रुपये का तथा 10 रुपये की कचौरी 15 रुपये की कर दी गई है। युद्ध के चलते गैस सिलेंडर लेने के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### सोच-समझ कर घर चलाना पड़ रहा

दाम बढ़ जाने के कारण ढाबे और होटलों पर बिकने वाली दाल दिन प्रतिदिन पतली होती जा रही है। कुछ संचालकों का कहना है कि कंपटीशन के चलते वह रेट नहीं बढ़ा सकते हैं, लेकिन थोड़ा बहुत कमाने के लिए उनको दाल पतली करनी पड़ रही है। बढ़ रही महंगाई को लेकर गृहणियों ने भी काफी चिंता जताई है। ग्रहणी सुमन, मीनाक्षी व अभिलाषा ने कहा कि महंगाई ने घर की रसोई का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। क्या खाएं-क्या नहीं कुछ समझ नहीं आता है। सोनिया ने कहा कि सब्जी से लेकर दाल सब महंगा हो चुका है। अब काफी सोच समझ कर घर का बजट चलाना पड़ रहा है।

### वर्तमान में थोक दामों की स्थिति प्रति किलोग्राम/लीटर

| दाले व मसाले | वर्तमान दाम | एक महीना पहले के दाम |
|---|---|---|
| रिफाइंड | 2425 प्रति टीन | 2125 प्रति 15 लीटर टीन |
| सरसों तेल | 151 प्रति लीटर | 130 से 135 |
| अरहर दाल | 90 से 115 | 80 से 105 |
| उड़द दाल छिलका | 107 | 97 |
| उड़द दाल धुली | 120 | 110 |
| मूंग दाल छिलका | 102 | 92 |
| मूंग दाल धुली | 108 | 98 |
| मसूर दाल | 78 | 68 |
| चने की दाल | 75 | 65 |
| काबली चने | 70 से 90 | 65 से 85 |

### चावल व दालों के दामों में भी बढ़ोतरी



*इजराइल-अमेरिका व ईरान की बीच युद्ध के चलते थोक बाजार में चावल व दाल सहित ड्राईफ्रूटस पर महंगाई की मार हावी हो गई है। चावल व दालों की कीमतों में 10 रुपये तक की बढ़ोतरी हो गई है। एक महीने पहले अरहर की दाल के थोक भाव 80 से 105 रुपये प्रति किलोग्राम थे, जो कि अब 90 से 115 हो गए है। इसके अलावा मूंग, मसूर, चना सहित अन्य दालें भी महंगी हो गई हैं, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई पर भी काफी असर पड़ा है। खाद्य पदार्थ के दाम बढ़ने से लोगों की जेब पर इसका असर पड़ रहा है। खाद्य पदार्थों की बढ़ी महंगाई ने मध्यम व गरीब तबके के लोगों की कमर तोड़कर रख दी है।*



रेवाड़ी। एक दुकान में रखे रिफाइंड व सरसों के टीन।

# दूसरे दिन भी शुरू नहीं हुआ दोतरफा बाइपास

- ट्रैफिक डायवर्ट होने से एक हिस्से पर ही वाहनों का दबाव
- जाम से बचने के लिए शहर से गुजरने लगे हल्के वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे को दिल्ली-जयपुर व रोहतक नेशनल हाइवे से जोड़ने वाले आउटर बाइपास पर किए गए डायवर्जन को वीरवार को भी नहीं हटाया गया। इससे वाहनों का दबाव फ्रेट कॉरिडोर रेल लाइन पर बने पुल के एक हिस्से पर ही बना रहा। वाहनों का दबाव बढ़ने से एक हिस्से में जाम जैसे हालात बने रहे, जिससे बड़ी संख्या हल्के वाहन शहर के रास्ते ही निकले। नाईवाली चौक पर भी जाम जैसे हालात बने रहे। डीएफसीसीआईएल की ओर से 111.5 लंबाई वाले स्टील पुल की स्ट्रैंथ चे कराने के लिए एनएचएआई को सूचित किया गया था। एनएचएआई ने इस पुल का निर्माण एचजी इंफ्रा कंपनी से कराया था। सूत्रों के अनुसार पुल के कंपन और लोड को चेक करने के लिए इंजीनियर्स की टीम अपना कार्य कर रही है। बीते वीरवार को पुल का एक हिस्सा बंद कर दिया गया था। इसे शाम तक चालू करने की बात कही गई थी, परंतु यह शुक्रवार को भी चालू नहीं किया गया। लोड टेस्टिंग के डीएफसीसीआईएल, एनएचएआई और एचजी इंफ्रा कंपनी के इंजीनियर लगे हुए हैं। टेस्टिंग के बाद दो से तीन दिन तक रिपोर्ट आ सकती है।

अगर तकनीकी खामियां पाई जाती हैं, तो उन्हें ठीक करने के लिए एक हिस्से को कुछ समय के लिए बंद रखा जा सकता है।



रेवाड़ी। नाईवाली पुल पर लगा वाहनों का जाम, आउटर बाइपास पर लगी वाहनों की कतार। फोटो : हरिभूमि

### वाहनों का दिन भर बना रहा दबाव

बाइपास पर नारनौल की ओर से आने वाले वाहनों को पुल से ठीक पहले दिल्ली की ओर से आने वाले वाहनों के हिस्से से ही डाइवर्ट कर दिया गया है। इसके लिए प्लास्टिक ड्रम पुल पर लगाए गए हैं। भारी वाहनों के आमने-सामने आने से पुल पर जाम जैसे हालात बन जाते हैं। फर्राटा दौड़ने वाले वाहनों की पुल पर गति मंद पड़ चुकी है। अधिकारियों ने सड़क को जल्द खोलने की बात दोहराई है।

### नाईवाली चौक पर लगा रहा जाम

बाइपास पर डायवर्जन का असर शुक्रवार सुबह शहर के सरकुलर रोड पर भी देखने को मिला। बड़ी संख्या में हल्के वाहन बाइपास की बजाय शहर के सरकुलर रोड से ही आवागमन करने लगे। इससे सुबह के समय नाईवाली चौक पर जाम जैसे हालात बने रहे। ट्रैफिक पुलिस को यातायात सुचारू बनाने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

### पाइप लाइन से तेल चोरी करने का चौथा आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

*रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने गांव जाटूवास के निकट इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की पाइप लाइन में सेंध लगाकर तेल चोरी करने के मामले में चौथे आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 4 दिसंबर 2018 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अधिकारी योगेश कुमार ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उनकी पाइप लाइन गांव जाटूवास से होकर गुजर रही है। पाइप लाइन टूटने से खेतों में तेल बह रहा है। खेत से जा रही पाइप लाइन में सेंध लगाकर तेल चोरी किया गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने भिवानी के गांव कुंडल निवासी कृष्ण कुमार को प्रोडक्शन वारंट पर लेने के बाद उसका एक दिन का रिमांड लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जा रही है।*



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# बर्थ-डे मनाने के लिए कर रही थी इंतजार सुसाइड की खबर से अरमान हुए तार-तार

- होटल में युवक के सुसाइड का मामला, पिता का इकलौता बेटा था नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शादी के बाद पहली बार पति का जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए पत्नी घर पर तैयारी कर चुकी थी। पति के आने का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। पति तो घर नहीं पहुंचा, लेकिन उसके सुसाइड करने का समाचार जरूर पहुंच गया। कयास लगाए जा रहे हैं कि किसी मित्र के साथ जन्मदिन मनाने के लिए नरेश शहर के होटल पहुंचा था, लेकिन उसके नहीं आने से आहत होकर उसने मौत को गले लगा लिया। मृतक का मोबाइल फोन सुसाइड प्रकरण से जुड़े सवालों के जवाब दे सकता है। गुरूग्राम के खेड़की निवासी नरेश ने वीरवार को रेलवे रोड पर एक होटल में सुबह 10 बजे कमरा लिया था। उसने कमरा शाम तक के लिए बुक किया था। शाम को जब वह कमरे से बाहर नहीं आया, तो होटल स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर उनका संदेह बढ़ गया। होटल मैनेजर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो नरेश फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाकर मौत के कारणों की जांच शुरू की। परिजनों को उसके सुसाइड करने की सूचना दी गई। देर रात मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए।



रेवाड़ी। मृतक नरेश का फाइल फोटो, नरेश की मौत के बाद अस्पताल में कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# एपीके फाइल से डेढ़ लाख की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने जनवरी माह में एक सोसायटी में रहने वाले व्यक्ति से एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद लगभग 1.5 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है, जबकि दूसरे को न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गढ़ी बोलनी रोड पर एक सोसायटी में रहने वाले रविकांत डाटा ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसने मोबाइल पर आए एपीके फाइल के लिंक को क्लिक करने के बाद गलती से डाउनलोड कर लिया था। 15 जनवरी को उसके एक क्रेडिट कार्ड से चार ट्रांजेक्शन के जरिए 51800, 10 हजार, 10 हजार और 3800 रुपये ट्रांसफर हो गए। दूसरे क्रेडिट कार्ड से अपने आप 74382 रुपये कट गए।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### क्रेडिट कार्ड का करता था भुगतान

पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई है कि सीताराम उसके बैंक खाते में जाने वाली ठगी की रकम से 10 प्रतिशत कमीशन के आधार पर कंपनियों के बिजली बुलों का भुगतान करता था, जबकि रामअवतार इस कार्य के लिए बिल कलेक्ट करने का कार्य करता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद सीताराम को 2 दिन के रिमांड पर लिया है। रामअवतार को न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

**कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने दी जानकारी, नहरी पानी से होगी पानी की आपूर्ति**

# एम्स के लिए बनेगा स्वतंत्र वाटर वर्क्स, सरकार करेगी खर्च वहन

- सीएम नायब सिंह सैनी ने इसकी सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी
- नहरी पानी पर आधारित पेयजल परियोजना पर लगभग 26.83 करोड़ रुपये खर्च होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

माजरा में निर्माणाधीन एम्स में पानी की आपूर्ति के लिए स्वतंत्र वाटर वर्क्स बनेगा, जो नहरी पानी पर आधारित होगा। नहरी पानी पर आधारित पेयजल परियोजना पर लगभग 26.83 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह राशि प्रदेश सरकार की ओर से खर्च की जाएगी। सीएम नायब सिंह सैनी ने इसकी सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि एम्स के लिए बनने वाले इस वाटर वर्क्स से संबंधित जल आपूर्ति का पूरा खर्च हरियाणा सरकार स्वयं वहन करेगी, जिससे संस्थान को किसी प्रकार की वित्तीय या आपूर्ति संबंधी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस वाटर वर्क्स के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 1500 किलोलीटर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह व्यवस्था अस्पताल के संचालन, स्वच्छता और मरीजों की देखभाल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना एम्स को स्वतंत्र और स्थायी जल आपूर्ति उपलब्ध कराएगी, जिससे संस्थान की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा।



रेवाड़ी। माजरा में निर्माणाधीन एम्स का भवन व स्वास्थ्य मंत्री आरती राव।

### स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार प्राथमिकता

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और उन्हें आवश्यक बुनियादी संसाधनों से सुसज्जित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल जिला, बल्कि आसपास के राजस्थान राज्य के क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। एम्स की बिल्डिंग निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। जल्द ही इसमें एमबीबीएस की कक्षाएं और ओपीडी भी शुरू हो जाएंगी।

### मनेठी तहसील में एम्स संघर्ष समिति की बैठक 12 को

**कुंड।** एम्स संघर्ष समिति की मासिक बैठक 12 अप्रैल रविवार को तहसील परिसर मनेठी में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद ने बताया कि पहले 5 अप्रैल को बैठक होनी थी, लेकिन फसल का कार्य होने एवं लगातार खराब मौसम के कारण मीटिंग को 12 अप्रैल को किया गया है। एम्स संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड राजेंद्र सिंह व सचिव ओमप्रकाश सैन ने स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से माजरा एम्स में इसी सत्र से 50 सीटें एमबीबीएस को अलाट करने पर समिति भारत सरकार का आभार जताया। लेकिन ओपीडी चालू करने और ओवरब्रिज बनाने की मांग अभी पेंडिंग है, जिसको लेकर बैठक में विचार विमर्श कर रूपरेखा तैयार की जाएगी।



# खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style

# दिव्या

## एक बार में साइन की 20 मूवीज



दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।



# एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



# सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



# धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला



# पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा।



जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंड्स्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

# अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

# इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआईडी बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

## खबर संक्षेप



### सिसोठ में हनुमान जयंती पर लगाया भंडारा

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ में बाबा जाखदेव मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में दलीप सिंह पुत्र मोहर सिंह ने भंडारे का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीणों एवं मित्रों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी मुकेश चौहान ने बताया कि सुबह सवा सात बजे हवन किया गया, बालाजी महाराज को भोग लगाकर सभी को बैठाकर भंडारे का प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर सुरत सिंह चेयरमैन, सरपंच बीरेन्द्र, संदीप पंच, शमशेर सिंह प्रधान, ओमप्रकाश, दयाचंद, सुरेंद्र सिंह, महेश, प्रधान रविंद्र पाल, सचिव सूबेदार सतबीर सिंह मौजूद रहे।



### सैनी हाई स्कूल में हुआ सुंदरकांड पाठ

**महेंद्रगढ़।** सैनी क्षत्रिय सभा द्वारा संचालित सैनी हाई स्कूल में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज शास्त्री हरिशंकर गोस्वामी द्वारा कराए गए गणेश पूजन से हुआ। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने मधुर आवाज में हनुमान जी के भजनों से समां बांध दिया। कलाकारों ने दुनिया चले न श्रीराम के बिना, राम जी चलें न हनुमान के बिना, गाया तो पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके पश्चात बजरंग बली मेरी नाव चली, अब पार लगा देना जैसे भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। अंत में सिर पर सोहे मुकुट विराजे, कांधे मूंज जनेऊ साजे के गायन पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए।

## रेवाड़ी से जयपुर वाया नीमराणा नई रेल लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे को मिली मंजूरी

# रेलमंत्री से मिलकर सांसद चौधरी धर्मवीर ने उठाई मांग, सिरे चढ़े तो बने बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

दक्षिण हरियाणा और राजस्थान के बीच रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेल मंत्रालय ने रेवाड़ी से जयपुर तक वाया नीमराणा प्रस्तावित नई रेल लाइन परियोजना के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) को मंजूरी दी है। इसके बाद अटेली-नारनौल रेलवे स्टेशन को नीमराणा से जोड़ने के लिए जनता की आवाज को हरिभूमि ने उठाया। हरिभूमि ने 24 मार्च के अंक में " महेंद्रगढ़-नारनौल को औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा से रेल कनेक्टिविटी से जुड़ने की जगी आस" खबर प्रकाशित की थी। अब दो दिन पहले ही सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और नीमराणा से अटेली होते हुए महेंद्रगढ़ और दादरी को जोड़ने का मांग रखी है। शुक्रवार मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद ने यह जानकारी दी। सांसद ने यहां तक कहा कि वह अपनी तरफ से योजना सिरे चढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे।




हरिभूमि इंपेक्ट

हरिभूमि

महेंद्रगढ़-नारनौल को औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा से रेल कनेक्टिविटी से जुड़ने की जगी आस

नारनौल। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व 24 मार्च को प्रकाशित समाचार। फोटो : हरिभूमि

रेल मंत्रालय ने रेवाड़ी से जयपुर वाया नीमराणा नई रेल लाइन परियोजना के लिए एफएलएस की मंजूरी दी है। करीब 191 किलोमीटर लंबी इस प्रस्तावित रेल लाइन के लिए सर्वे कार्य पर लगभग 5.73 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस मंजूरी के साथ अब परियोजना के क्रियान्वयन की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है और जल्द ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इस मंजूरी के बाद अब महेंद्रगढ़ और नारनौल के बीच और जिला के इन दोनों शहरों के जुड़ाव के बाद नीमराणा से रेल कनेक्टिविटी करने की आस जग गई है। ऐसे में अब सांसद के साथ-साथ जिला के सत्ताधारी नेता इस मांग पर भागदौड़ करें तो रोजगार के साथ-साथ रेल सुविधा का लाभ महेंद्रगढ़ जिला के लोगों को भी मिल सकता है।

### रोजगार के साथ रेलवे सुविधा का मिल सकेगा लाभ

राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा से महेंद्रगढ़ जिला सटा है। महेंद्रगढ़ और नारनौल के बीच रेलवे लाइन नहीं है। अटेली, नारनौल व निजामपुर रेलवे स्टेशन एक ही लाइन पर है। अभी जिला के लोगों को रोजगार की तलाश में गुरुग्राम जाना पड़ रहा है। कारण, वहां पहुंचने की राह आसान और सुलभ है। ऐसे में महेंद्रगढ़ को नारनौल से जोड़ते हुए आगे नीमराना या बहरोड़ तक नई रेल कनेक्टिविटी से जोड़ा जाता है तो युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। नया व्यापार भी हो सकता है। लॉजिस्टिक हब का भी औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा से जुड़ाव आसान हो जाएगा। रेल लाइन बनने से स्थानीय व्यापारियों को अपने उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। परिवहन लागत कम होगी और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। रेल लाइन के आसपास नए कस्बों और बाजारों का विकास होगा। इससे जमीन के दाम बढ़ेंगे और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। यहीं नहीं, जिला में शायद ही ऐसा कोई परिवार हो, जिनकी रिश्तेदारी बहरोड़, अलवर, कोटपुतली व जयपुर रूट पर ना हो। रिश्तेदारियों में भी आसानी से कम बजट में पहुंचा जा सकेगा।

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# बेमौसम बारिश, तेज हवा से फसल बर्बाद, किसानों ने मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन जिला कमेटी की ओर से उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाओं से फसलों को हुए नुकसान की पूर्ति हेतु किसानों को प्रति एकड़ 30 हजार रुपसे मुआवजा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त के मार्फत कार्यालय के सुपरिटेंडेंट को सौंपा। इससे पूर्व प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह ने कहा कि पहले ही गांव में मुनादी करवा प्रभावित किसानों के उपस्थित में हर गांव व हर खेत में की स्पेशल गिरदावरी तत्काल प्रभाव से करवाई जाए तथा नुकसान की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर शत प्रतिशत मुआवजा दिया जाए

कामरेड अभय सिंह चन्दपुरा ने कहा कि ज्यादातर किसान छोटी जोत के है और सोसायटियों या बैंक से कर्ज लेकर खेती करते हैं। उन्होंने सरकार से जनहित में मुआवजा पॉलिसी में बदलाव की मांग की, क्योंकि सरकार 33 प्रतिशत से कम फसलों के नुकसान को नुकसान की परिभाषा में नहीं मानती। अभय सिंह ने यह भी मांग की कि किसान का जितना भी नुकसान हुआ है, उसी अनुपात में मुआवजा राशि दी जाए। उन्होंने फसलों के खराबे का मुआवजा सरकार अपने खजाने से करने की मांग की, क्योंकि बीमा कंपनियों का नजरिया कभी भी किसान हितैषी नहीं रहा। उन्होंने मांग की कि किसानों की कर्ज वसूली स्थगित की जाए और फसलों की समूची खरीद सरकार लागत खर्च से डेढ़ गुना दाम पर की जाए। किसानों को प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जाए। इस मौके पर डॉ. व्रतपाल सिंह, कामरेड अभय सिंह चन्दपुरा, ईश्वर सिंह तोताहेड़ी, जयनारायण यादराम कोरियावास, छाजूराम रावत, मास्टर बलवंत सिंह सागरपुर सहित अनेक किसान उपस्थित थे।






नारनौज। उपायुक्त कार्यालय के सुपरिटेंडेंट को ज्ञापन सौंपते संगठन सदस्य व जैलाफ खोड़मा में आंधी व बेमौसम बारिश से बिछी गेहूं की फसल।

### किसानों को कम्पनियों के हवाले न छोड़ें

*ज्ञापन में कहा कि गत दिनों बहुत तेज हवाओं, बारिश व ओलावृष्टि से जिले के कई इलाकों, गांवों के खेतों में सरसों, गेहूं व अन्य फसलों की हानि हुई है। जिसमें फसलों का नुकसान हुआ है। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर सगठन की मांग है कि पहले से गांव में मुनादी करवाकर प्रभावित किसानों की उपस्थिति में गांव व हर खेत की स्पेशल गिरदावरी तत्काल प्रभाव से करवाई जाए। यदि किसी गांव या किसी खेत में न्यूनतम भी नुकसान हुआ, तो उसे भी रिकार्ड पर लिया जाए। ज्ञापन में कहा कि तेज हवाओं से फसल पसर जाने से उसकी कटाई पर सामान्य से दोगुना से ढाई गुना ज्यादा मजदूरी का खर्च आता है और गेहूं की बाल तथा सरसों की फली झड़ जाती हैं। चाहे कहीं ओले कम भी पड़े हों, लेकिन उसका नुकसान कुछ दिन बाद देखने में आता है।*

### औपचारिकताएं पूरी न करते हुए शिकायतों का स्थायी समाधान करें अधिकारीः डीसी



**रेवाड़ी।** डीसी ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए औपचारिकताएं पूरी न करते हुए स्थाई समाधान करें। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उनका जल्द निपटान किया जाए। डीसी ने शुक्रवार को समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक से पहले खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के डीसी व अन्य अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। डीसी मीणा ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागों के अधिकारी आमजन की शिकायतों की तत्परता से कार्रवाई करते हुए समाधान कराकर उन्हें राहत पहुंचाएं। बैठक में एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### विकास कार्यों को तय सीमा में पूरा कराएं विभागः डा. कृष्ण

**बावल।** विधायक डा. कृष्ण कुमार ने शुक्रवार को बावल स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में बावल विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक ली। विधायक ने विभागीय अधिकारियों से विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों को तय सीमा में पूरा कराएं। विधायक ने कहा कि बावल के विकास कार्यों को तीव्रता के साथ पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह की अगुवाई में बावल क्षेत्र में आमजन को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने लगी हैं।



## श्री हजूर साहिब नांदेड़ की निःशुल्क यात्रा के लिए वरिष्ठ नागरिक 15 तक करें पंजीकरण

- कोई भी व्यक्ति हर तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के लिए 5 मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए आवेदक हरियाणा का निवासी हो और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। इसके साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी, शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं की घोषणा आवश्यक है, इसके अलावा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लिया हो। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक को एक सहायक के रूप में पूर्ण भुगतान पर साथ ले जाने की अनुमति है। योजना के नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति हर तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है। डीसी ने बताया कि आवेदन करने के उपरांत आवेदक को कमरा नंबर-311, लघु सचिवालय, स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में सूचना देनी होगी।

### फाउंडेशन ने राजगढ़ में पहलवानों के लिए उपलब्ध करवाई सुविधाएं



**रेवाड़ी।** बावल स्थित कंपनी ने जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के माध्यम से गांव राजगढ़,स्थित गुरु श्योलाल पहलवान खेल संस्थान में सुविधाओं का आधुनिकीकरण कर पहलवानों को प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराकर खेल कौशल को बढ़ावा दिया है। पहलवान कृष्ण के नेतृत्व में संचालित अकादमी आसपास के गांवों के लड़कों और लड़कियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करती है। पिछले तीन वर्षों में अकादमी के खिलाड़ियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर गौरव बढ़ाया है। फाउंडेशन ने अकादमी में खिलाड़ियों के लिए स्टीम, सॉना और आइस बाथ जैसी सुविधाओं सहित सुरक्षित पेयजल प्रणाली का निर्माण किया है। 5 किलोवाट का रूफटॉप सोलर पावर सिस्टम और 100 कुश्ती किट उपलब्ध कराई हैं। शुक्रवार को आधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन कंपनी के प्लांट हेड मुक्तिनाथ राय और जिला खेल अधिकारी ममता देवी ने किया। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग व कंपनी अधिकारी मौजूद थे।

## बिना दहेज सादगी से विवाह कर समाज को दिया प्रेरणादायक संदेश

- लाखों रुपये के दहेज प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए परिवार ने सादगी और संस्कार को प्राथमिकता दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

कोसली गांव में सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक और वर्तमान में सरपंच रामकिशन जांगड़ा ने अपने पुत्र कैलाश चंद्र की शादी बिना दहेज के संपन्न कराकर समाज को एक प्रेरणादायक संदेश दिया। लाखों रुपये के दहेज प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए परिवार ने सादगी और संस्कार को प्राथमिकता दी। एमएससी पास दूल्हे कैलाश चंद्र ने खेड़ी तलवाना निवासी दुल्हन निशा के घर मात्र 25 लोगों के साथ बारात ले जाकर सादगी पूर्ण तरीके से विवाह किया। दहेज के रूप में उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से सिर्फ एक रुपया और नारियल स्वीकार किया। इस प्रेरक पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। विवाह के बाद रिसेप्शन समारोह में हजारों लोगों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनकी इस पहल की प्रशंसा की। रामकिशन जांगड़ा ने कहा कि आज भी समाज में दहेज को प्रतिष्ठा और मान-सम्मान से जोड़कर देखा जाता है। कई बार यह कुप्रथा परिवारों पर आर्थिक और मानसिक बोझ बन जाती है। वर-वधू कैलाश चंद्र और निशा ने कहा दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करना हमारी जिम्मेदारी है। जब पढ़े-लिखे लोग आगे बढ़कर बदलाव की शुरूआत करेंगे तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है।



रेवाड़ी। वर-वधू कैलाश चंद्र और निशा। फोटोः हरिभूमि

**सीआईए की बड़ी कार्रवाई** मंढाणा गांव के पास नाकाबंदी कर पुलिस ने हासिल की सफलता

# चोरी की कार और मंदिर से चुराए गए दो लाख रुपये के साथ आरोपित गिरफ्तार

आरोपित पर पहले से ही हत्या के प्रयास सहित चार मामले दर्ज हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सीआईए ने एक शातिर व आदतन आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। टीम ने उससे एक चोरी की गाड़ी व मंदिर के दानपात्र से चुराए गए लाखों रुपये बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित पर पहले से ही हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट सहित चार अन्य जघन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीआईए नेशनल हाईवे 148 बी पर गांव मंढाणा के पास गश्त कर रही थी, तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की गाड़ी में आ रहा है और उसने जयपुर के पास एक मंदिर का दानपात्र तोड़कर नकदी भी चुराई है।

सूचना को पुख्ता मानकर सीआईए की टीम ने तुरंत मंढाणा गांव के पास नाकाबंदी कर चैकिंग शुरू कर दी। कुछ ही समय बाद नांगल चौधरी की तरफ से गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस पार्टी को देखकर चालक घबरा गया और गाड़ी को वापस मोड़ने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम लखविन्द्र सिंह निवासी बधेरा थाना हरोली जिला ऊना हिमाचल प्रदेश बताया। पुलिस की ओर से गाड़ी के कागजात मांगने पर वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह गाड़ी उसने पांच दिन पहले हिमाचल प्रदेश के ऊना से चुराई थी। इसके बाद उसने 31 मार्च की रात को चंदवाजी ग्रामीण जयपुर स्थित सेवड़ा माता मंदिर का दानपात्र तोड़कर वहां से नकदी चुराई और उसे प्लास्टिक के कट्टे में भरकर गाड़ी में रख लिया। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली, तो उसमें रखे प्लास्टिक के कट्टे से भारी मात्रा में चोरी किए गए नोट व सिक्के बरामद हुए।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

### आरोपित से रिमांड के दौरान स्कूटी, नकदी बरामद

नारनौल। सीआईए ने मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए एक नाइजीरियाई सप्लायर सहित कुल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। विदेशी नागरिक को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था, ताकि नशे के कारोबार के अन्य स्रोत का पता लगाया जा सके। रिमांड अवधि के दौरान गहन पूछताछ में सीआईए ने आरोपित से 18500 रुपये की नकदी व एक स्कूटी बरामद कर जब्त की है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने आरोपित के पास से 32300 रुपये के बच्चों के खेलने वाले फुल ऑफ फन लिखे हुए नकली नोट भी बरामद किए हैं। आरोपित को आज पुनः न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### खेत में लगी आग से एक एकड़ फसल जलकर राख



**कोसली।** रतनथल गांव में शुक्रवार शाम एक किसान के खेत में लगी आज से लगभग एक एकड़ जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। इससे आसपास के खेतों में खड़ी फसल बच गई पुलिस ने आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी। रतनथल निवासी गिरवर ने अपने खेतों में तीन एकड़ जमीन पर गेहूं की खेती की हुई है। शाम के समय उसकी फसल में आग लग गई। पड़ोस में रहने वाले किसान अजय चौहान ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आज पर काबू पाया, लेकिन तब तक एक एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। आग लगने के बाद आसपास के किसानों में हड़कंप मच गया। समय रहते आग पर काबू पाए जाने से आसपास की फसल आज की चपेट में आने से बच गई। किसान गिरवर के अनुसार आज बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी, जिससे उसका हजारों रुपये का नुकसान हो गया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**



## चेक बाउंस के मामले में पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने अदालत की ओर से उद्घघोषित अपराधी योगेश कुमार निवासी गांव बालावास अहीर को गिरफ्तार किया गया। एसआई लालचंद ने बताया कि आरोपी योगेश कुमार काफी दिनों से चेक बाउंस के एक मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में अलग से धारा 209 बीएनएस के तहत अभियोग भी दर्ज किया था। पुलिस के पीओ स्टाफ ने शुक्रवार को आरोपी योगेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## यादव सभा का निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 5 अप्रैल रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में सुबह 9 से 11 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर अनुभवी डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, दंत रोग में व चर्म रोग के मरीजों को सेवाए प्रदान करेंगे। इसके अलावा फिजियोथेरेपी में फ्री कंसल्टेंसी सर्विस दी जाएगी।

## डीएवी स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन करके किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने हवन में आहुति देकर विश्व शांति, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य व विद्यालय की प्रगति की कामना की। विद्यार्थियों ने भी हवन में आहूतियां अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि हवन भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जो सकारात्मक ऊर्जा व अनुशासन का संचार करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और संस्कारों के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यालय में प्रति वर्ष नए सत्र प्रारंभ पर हवन कराने की परंपरा विद्यालय में चली आ रही है, जिससे बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है।

### विभिन्न गांवों में करीब 3 करोड़ रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए जारी

# ग्रामीण विकास के लिए तीन करोड़ जारी, कई गांवों में कराए जाएंगे कार्य

**सांसद के लिए प्रदेश सरकार की योजना हर साल पांच करोड़ से होंगे विकास कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के प्रयासों से जिले के विभिन्न गांव में करीब 3 करोड रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए जारी की गई है। यह राशि हरियाणा सरकार ने केंद्रीय मंत्री की सिफारिश पर हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत जारी की है। हरियाणा सरकार की ओर से प्रत्येक सांसद को प्रतिवर्ष हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत 5 करोड़ की राशि विकास कार्यों के लिए अनुशंसा करने की योजना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनाई गई है।

जिले के विभिन्न गांवों में करीब 3 करोड़ रुपये से विकास कार्य किए जाएंगे। धारूहेड़ा खंड के गांव जड़थल में 9 लाख रुपये से गलियों का निर्माण, बावल खंड के गांव जयसिंहपुर खेड़ा में 12 लाख रुपये की लागत से सामान्य चौपाल का सौंदर्यकरण, टिकला गांव में 3 लाख रुपये से गली का निर्माण सुलखा गांव में 7 लाख रुपये से गली का निर्माण, धारण की ढाणी में 8 लाख से गली का निर्माण, रानोली गांव में पशु चिकित्सालय की दीवार निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, बिशनपुर गांव में 3 लाख रुपये से गली का निर्माण, खंडोड़ा गांव में ओपन जिम और राष्ट्रीय ध्वज के लिए 6 लाख रूपये की राशि दी गई है। खोल खंड के गांव माजरा में 4 लाख की लागत से ओपन जिम व धमलावास गांव में 12 लाख रुपये रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। सीएम नायब सिंह सैनी की ओर से इस राशि को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिससे गांवों में विकासकार्यों को गति मिल सकेगी।



रेवाड़ी। एक गांव में चल रहा विकास कार्य। फोटो : हरिभूमि

**विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं**



ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि निर्माण के समय गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाए। अगर निर्माण की गुणवत्ता में कमी नजर आई, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय मंत्री।

**इन गांवों में विकास कार्यों पर खर्च होगी राशि**

- बांसदुधा गांव से नारनौल रोड तक करीब 20 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण।
- कमालपुर गांव में 21 लाख रुपये की लागत से प्राइमरी स्कूल की चारदीवारी का निर्माण।
- बीकानेर में करीब 13 लाख रुपये की लागत से विश्वकर्मा भवन का निर्माण। बालियर खुर्द में 13 लाख रुपए की लागत से श्मशान घाट की चारदीवारी का निर्माण।
- गांव रसगन में 10 लाख रुपये की लागत से जोहड़ की चार दीवारी का निर्माण।
- डवाना में गांव में 15 लाख रुपये की लागत से सामान्य चौपाल का निर्माण। ततारपुर खालसा में 10 लाख रुपये की लागत से बीपीएल कॉलोनी की गलियों का निर्माण।
- खरखड़ा गांव में 15 लाख रुपये की लागत से लाइब्रेरी के हाल का निर्माण। बावल के राजगढ़ गांव में 15 लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण। गांव भाड़ावास में 20 लाख रुपये की लागत से गली का निर्माण।
- गांव राजपुरा खालसा में करीब 4.50 लाख की लागत से गली का निर्माण।
- कुंभावास गांव में 4.50 लाख की लागत से एससी चौपाल व बरामदे का निर्माण।
- कुंभावास गांव में 5. 50 लाख रुपये की लागत से गली का निर्माण।
- जांटी गांव में करीब 4 लाख रुपये की लागत से गली का निर्माण।
- रामपुरा गांव में 5 लाख रुपये की लागत से सीवर और पानी लाइन बिछाने का कार्य।
- चांदावास गांव में 3 लाख रुपये की लागत से मिड-डे मील के शेड का निर्माण।
- चांदपुर देवलावास में 13 लाख रुपये की लागत से गली और नालियों का निर्माण।

# फर्जी मैट्रिमोनियल कॉल सेंटर गैंग सक्रिय

**विवाह के इच्छुक युवाओं को बनाया जा रहा ठगी का निशाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वर्तमान में फर्जी मैट्रिमोनियल कॉल सेंटर व गैंग की ओर से युवाओं और उनके परिवारों से शादी का झांसा देकर ठगी की जा रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के साथ ऐसे मामलों में तेजी आई है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को जागरूक करते हुए शादी के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दी है। एसपी ने बताया कि ठग खुद को मैट्रिमोनियल एजेंसी का प्रतिनिधि या रिश्ते करवाने वाला बताकर संपर्क करते हैं। वे आकर्षक प्रोफाइल, फोटो व झूठी जानकारी दिखाकर पहले भरोसा जीतते हैं। इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोफाइल वेरिफिकेशन, मीटिंग अरेंजमेंट या शादी पक्की कराने के नाम पर अलग-अलग बहानों से पैसे मांगते हैं।

कई मामलों में पीड़ितों से बार-बार भुगतान कराकर लाखों रुपये तक की ठगी की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी वैध मैट्रिमोनियल प्रक्रिया में बिना सत्यापन के बार-बार पैसे मांगना संदेह का संकेत है। केवल ऑनलाइन बातचीत व फोटो के आधार पर किसी भी व्यक्ति या एजेंसी पर भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है।

**ये सावधानियां अपनाकर ठगी से बचें**

किसी भी अनजान मैट्रिमोनियल कॉल, मैसेज या प्रोफाइल पर तुरंत भरोसा न करें। बिना सत्यापन के किसी भी प्रकार की फीस या भुगतान न करें। प्रोफाइल की जानकारी को स्वतंत्र रूप से जांचें और परिवार से मिलकर ही निर्णय लें। केवल विश्वसनीय व प्रमाणित मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें। अपनी निजी व बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार के दबाव या जल्दबाजी में पैसे ट्रांसफर न करें। संदिग्ध कॉल या लिंक से दूर रहें।

**ठगों के इन झांसों से रहें सतर्क**



साइबर ठगों की ओर से बार-बार अलग-अलग बहानों से पैसे मांगना, बिना मिले ही शादी तय कराने का दबाव बनाना, केवल ऑनलाइन बातचीत पर जोर देना, अनजान नंबर या सोशल मीडिया से संपर्क करना तथा अभी पेमेंट करो, तभी प्रोसेस आगे बढेगा, जैसे झांसे से सतर्क रहे। एसपी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की ठगी का शिकार हो जाता है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करें। नजदीकी थाने या साइबर थाने में भी सूचना दें। एसपी ने अपील करते हुए कहा कि नागरिक किसी भी प्रकार के झांसे में आकर जल्दबाजी में निर्णय न लें। सतर्क रहकर ही इस प्रकार की साइबर ठगी से बचा जा सकता है।

-एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

## सरकारी स्कूलों में सर्वाधिक क्वालिफाइड स्टाफ सहित तमाम संसाधन मौजूदः डा. बीर सिंह

- डाइट हुसैनपुर ने की प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डाइट हुसैनपुर के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं भौतिक शास्त्री डा. बीरसिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग की नवाचारी छात्रोन्मुखी परियोजनाओं को लेकर सरकारी स्कूलों में निरंतर रचनात्मक सुधार हो रहा है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इस गुणात्मक सुधार के चलते सरकारी स्कूलों के दिन पुनः लौटेंगे। डा. बीरसिंह शुक्रवार को सीहा के सरकारी स्कूल में एससीईआरटी गुरुग्राम के तत्वावधान में डाइट हुसैनपुर की ओर से नए शैक्षणिक क्षेत्र के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम तथा नामांकन वृद्धि अभियान की समीक्षा-कार्य के अंतर्गत शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने की। इस अवसर पर पूर्व एपीसी एवं साहित्यकार हेमंत कुमार के नवप्रकाशित काव्य संग्रह सरगोशियां का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर डा. सिंह ने कहा कि आज सरकारी स्कूलों में सर्वाधिक क्वालिफाइड स्टाफ तथा स्मार्ट क्लासरूम आधारित तमाम संसाधन मौजूद हैं।



## नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर किया हवन

**कोसली।** आरएमआर स्कूल नाहड़ में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी, अभिभावक व स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। स्कूल के पुराने विद्यार्थियों ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल संचालक राजकुमार कोसलिया, विनोद कौशिक, अनुराग यादव, रीना, अजीत, मीना, राधा, भूपेंद्र, शिवकांत, दीपिका, रंजू, लता, निशा, अनिता, रवीना, आरती, दीपिका, संतोष, गजराज, गोपाल, मुनेश व दयाकिशन उपस्थित थे।

## आज नंद सरोवर पर चलेगा स्वच्छता अभियान

- धरोहरों के संरक्षण का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद और अहिरवाल हेरिटेज संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 4 अप्रैल को सरकुलर रोड स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के सामने स्थित ऐतिहासिक नंद सरोवर यानि छोटा तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि नगर परिषद शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी



एक ऐतिहासिक नगर है और यहां की सभी ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा वे शहर में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें तथा ऐतिहासिक स्थलों, सड़कों और खुले स्थानों पर कचरा न डालें। कचरे को जलाने या इधर-उधर फैंकने के बजाय नगर परिषद की ओर से उपलब्ध कराई गई कचरा गाड़ियों में ही डालें।

स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर एवं अहीरवाल हेरिटेज संस्था की अध्यक्ष प्रियंका यादव ने बताया कि नप व संस्था की ओर से पूर्व में भी ऐतिहासिक छतरी समूह पर स्वच्छता अभियान चलाया गया था तथा विरासत-ए-रेवाड़ी कार्यक्रम के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता एवं विरासत संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया था।

## छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जाना ऐतिहासिक इमारतों का इतिहास



**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के दक्षिण रीजनल सेंटर के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। डा. राकेश कुमार के नेतृत्व में छात्राओं ने दिल्ली के राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट और बंगला साहिब गुरुद्वारा का दौरा किया। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने छात्राओं को रवाना किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को ऐतिहासिक इमारतों के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान डा. सोनिया यादव,अंजलि पांचाल, प्रदीप शर्मा, बिन्दु यादव व विजिटिंग फैकल्टी के प्रदीप मौजूद थे।

## मोहम्मदपुर व बालावास जाट में चला पुलिस का अभियान, नशे से दूर रहने का आह्वान

- नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम की ओर से प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे कर ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक रहने सहित साइबर अपराधों व ट्रैफिक नियमों से अवगत कराया जा रहा है। नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को गांव



मोहम्मदपुर व बालावास जाट में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। इस अवसर एएसआई जितेन्द्र ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। युवा देश का भविष्य, जिन्हे पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए।

## मंडी में फसल बेचने आए किसानों की सभी सुविधाओं का ध्यान रखें अधिकारीः यादव



**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में रबी फसलों की सरकारी खरीद के लिए प्रदेश की मंडियों में बेहतर इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बार यह पूरा ध्यान रखा है कि फसल खरीद के कार्य में पारदर्शिता बनी रहे और कहीं भी किसी प्रकार की कोई अनियमितता न हो। इसलिए किसानों को अपने ट्रैक्टरों पर नंबर लिख कर लाने को कहा गया है। फसल बेचने वही किसान आ सकता है, जिसका एमएफएमबी पोर्टल पर पंजीकरण हो चुका है। विधायक शुक्रवार को अनाज मंडी में गेहूं खरीद की व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे। विधायक ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, अटल कैंटीन व रात्रि ठहराव की उचित सुविधाएं दी जाए। फसल बिक जाने के बाद किसान को शीघ्र भुगतान दिए जाने का प्रावधान भी किया जाना चाहिए।



रेवाड़ी। पेयजल कैंपर की व्यवस्था बंद किए जाने के विरोध में नारेबाजी करते निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## बिजली निगम कार्यालय में पानी को लेकर प्रदर्शन

**कोसली।** कोसली स्थित बिजली निगम कार्यालय में शुक्रवार को पीने के पानी की व्यवस्था को लेकर विवाद खड़ा हो गया। पानी के कैंपर बंद किए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने पहले एसडीओ कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए रोष प्रदर्शन किया। बाद में कर्मचारी बिजली निगम कार्यालय से तहसील परिसर तक नारे लगाते हुए पहुंचे और उपमंडल कार्यालय के आगे धरने बैठ गए। कर्मचारी संघ के प्रधान जयप्रकाश ने बताया कि पिछले करीब 20 दिनों से पानी के बिल पास नहीं किए जाने के कारण कैंपर बंद कर दिए गए हैं। इससे कर्मचारियों के साथ-साथ कार्यालय आने वाले उपभोक्ताओं को भी पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्सईन ने पानी के अधिक बिल का हवाला देते हुए वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिए, लेकिन कूलर लगने से पहले ही पानी की कैंपर व्यवस्था बंद कर दी गई। वाटर कूलर खरीदने के लिए कहा गया, जबकि इसके लिए भुगतान जारी नहीं किया गया है। कुछ समय बाद एसडीएम विजय कुमार ने कर्मचारियों तथा कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार को अपने कार्यालय में बुलाकर बात की। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि पानी बंद करने जैसी कोई बात नहीं है। गर्मी के मौसम में कैंपर का पानी पर्याप्त नहीं होता। इसलिए काफी समय से वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिए जा रहे थे। फिलहाल अस्थाई तौर पर फिर से पानी के कैंपर की व्यवस्था शुरू कर दी गई है।

**मौसम** तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी ने फसल कटाई का कार्य बाधित किया

# तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी से बदला मौसम रात का पारा पहली बार 20 डिग्री से कम आया



रेवाड़ी। शुक्रवार शाम को शहर में बरसात के गहराए बादल। फोटो : हरिभूमि

- आज भी मौसम साफ होने के आसार नहीं, ओलावृष्टि का खतरा भी बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शाम के समय धारूहेड़ा क्षेत्र के कई गांवों में ओलावृष्टि होने से फसलों को नुकसान हुआ है। इस साल फसल कटाई के मौके पर मौसम लगातार धरतीपुत्र को परेशान कर रहा है। बार-बार बारिश और ओलावृष्टि से किसान पहले ही नुकसान उठा चुके हैं। अभी भी मौसम का खतरा बरकरार है। रात का पारा चढ़ना शुरू हो गया है। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी ने फसल कटाई का कार्य बाधित किया है। शनिवार को भी हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह के समय आसमान साफ रहने के कारण किसानों को राहत मिली रही। सरसों निकालने का कार्य गत दिनों हुई बारिश के बाद धीमा पड़ा हुआ है। इस समय गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग 60 प्रतिशत तक कटाई की जा चुकी है। मौसम खराब होने के कारण किसान जल्द कटाई करने का प्रयास कर रहे हैं। दोपहर बाद मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया। पहले आंशिक बादल छाए। शाम तक बादल गहराने शुरू हो गए। 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने के बाद जिले के कई भागों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश शुरू हो गई। शाम के समय मौसम का अचानक बदलाव किसानों के लिए मुश्किलें खड़ी करने वाला साबित हो गया। जिन किसानों की फसल खेतों में खड़ी है, उनकी फसल ओलावृष्टि की चपेट में आ सकती है। काटी हुई फसल बार-बार बारिश से खराब हो सकती है। सरसों की काटकर एक जगह एकत्रित हुई फसल भी बारिश से खराब हो सकती है। फसल कटाई का कार्य रुक जाता है, किसानों को कटाई में देरी हो रही है। शाम के समय गहरे बादलों के चलते रात को भी बारिश की संभावना बनी हुई थी।

**मौसम का मिजाज भी लगातार बदल रहा**

शुक्रवार को अधिकतम तापमान में 1.0 डिग्री की गिरावट आने से दिन के समय गर्मी का असर कम हो गया। अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान इस सीजन में पहली बार 1.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 21.0 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे रात के समय गर्मी का असर शुरू हो गया है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद मौसम ठंडा बना हुआ था। हवा में नमी का स्तर बढ़कर 50 प्रतिशत से ज्यादा हो गया, जबकि शाम के समय 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।

**बार-बार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ**

मौसम विभाग के अनुसार कई पश्चिमी विक्षोभ बार-बार सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। एक और विक्षोभ की सक्रियता के चलते 4 मार्च को भी आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। 10 अप्रैल से मौसम पूरी तरह साफ होने की संभावना है।

## साबरमती-हरिद्वार-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि में विस्तार

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से ग्रीष्मावकाश में अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए साबरमती-हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के ने बताया कि गाड़ी संख्या 09425 साबरमती-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा आगामी 29 जून तक साबरमती से प्रत्येक सोमवार को रात्रि 9:35 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर सुबह 7:10 बजे आगमन व 7:20 बजे प्रस्थान कर रात्रि 8:40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09426 हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 30 जून तक हरिद्वार से प्रत्येक मंगलवार को रात्रि 9:30 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर सुबह 11:20 बजे आगमन व 11:30 बजे प्रस्थान कर रात्रि 10:30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिण्डवाडा, जवाईबांध, फालना, रानी, मारवाड जंक्शन, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुरुग्राम, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर व रुड़की स्टेशनों पर ठहराव करेगी।